हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 सितम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 जिले में पहले दशहरे का आगाज डांड़गांव से, तैयारियां जोरों पर




## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सेवा पर्व आज

**अंबिकापुर**। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सरगुजा जिले के अंतर्गत विकासखण्डों में विभिन्न श्रेणियों के विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर रूफ-टॉप लगवाने के संबंध में सेवा पर्व का आयोजन 25 सितम्बर को राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र अम्बिकापुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पर्यटन, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद लोकसभा क्षेत्र सरगुजा चिंतामणि महाराज करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज एवं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो उपस्थित रहेंगे। इस दौरान शासन की महत्वाकांक्षी योजना सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में आवेदकों को पहुंचने वाले लाभ, उसके स्थापना में लगने वाली खर्च एवं सब्सिडी के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं जिले के अंतर्गत जिन उपभोक्ताओं के द्वारा सोलर रूफटॉप ऊर्जा संयत्र स्थापित किया गया है उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### बाढ़ आपदा से निपटने घुनघुट्टा बांध में मॉक ड्रिल आज

**अम्बिकापुर**। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर को सुबह 10 बजे तहसील दरिमा के ग्राम लिबरा स्थित घुनघुटा बांध में बाढ़ आपदा पर मॉक अभ्यास किया जाएगा। यह मॉक अभ्यास आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन केवल प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखने तथा घबराने से बचने, अफवाहों से बचने तथा दूसरों को सही जानकारी प्रदान करने एवं मॉक ड्रिल में प्रशासन का सहयोग करने की बात कही है।

### सर्पदंश से गंभीर बालक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर**। चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मडवा निवासी संतोष कुमार आ. रीझू नाग (24 वर्ष) 22 सितंबर को खेत में लगी धान फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। जैसे ही युवक खेत में छिड़काव करने लगा तभी जहरीले सांप ने उसके पैर में डस लिया। युवक घर पहुंच कर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर निवासी सत्यम राजवाड़े आ. जीतन प्रसाद (6 वर्ष) गत दिन अपने नए घर में टांगी लेने गया था। बालक कमरे में टांगी ढूंढ रहा था तभी जहरीले सांप ने उसके अंगूठे में डस लिया। बालक ने सांप द्वारा डस लेने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### प्राचार्य के खिलाफ विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**अम्बिकापुर**। जिले के शासकीय उमावि बड़ा दमाली विद्यालय के



प्राचार्य कक्ष में धार्मिक संबंधी प्रचार-प्रसार हेतु स्लोगन, प्रार्थना में सामूहिक रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ पार्टी गत टिप्पणी करना एवं सामाजिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को निरादर करने जैसे शिकायत सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने सरगुजा कलेक्टर से करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### मूंगफली चोरी को लेकर विवाद में की गई थी हत्या

# बोलेरो से कुचलकर पिता-पुत्र की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

बोलेरो से कुचलकर पिता-पुत्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मूंगफली खाने को लेकर हुए विवाद में हत्या करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इधर घटना के बाद लापरवाही को देखते हुए एसएसपी ने थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया है।

**खास बात**

- उड़ीसा से पकड़े गए आरोपी, एसएसपी ने थाना प्रभारी को किया लाइन अटैच

बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम तिवरागुड़ी में खेत से मूंगफली खाने को लेकर हुए विवाद में हत्या का मामला सामने आया था। तिवरागुड़ी निवासी त्रिवेणी कुर्रे आ. लक्ष्मण कुर्रे, उसके पुत्र 19 वर्षीय करण कुर्रे व राजा कुर्रे उर्फ राजा बाबू पर खेत से मूंगफली चुराकर खाने को हुए विवाद के बाद आरोपियों ओम प्रकाश, जयप्रकाश, नर्मदा व बाबुलाल ने अपनी बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सी क्यू 7043 से कुचल दिया था। इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सूरजपुर जिला अस्पताल में 20 वर्षीय राजा कुर्रे उर्फ राजा बाबू आ. त्रिवेणी कुर्रे की मौत हो गई जबकि त्रिवेणी कुर्रे आ. लक्ष्मण कुर्रे ने भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही युवक 19 वर्षीय करण कुर्रे आ. त्रिवेणी कुर्रे का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। इस घटना के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने घटना की जांच करने के साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद आरोपी पलटी हुई बोलेरो को छोडकर भाग निकले थे। बताया जा रहा है कि आरोपी घटना के बाद अपनी स्विफ्ट कार से भागे थे। ऐसे में पुलिस को कार व अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर उड़ीसा की तरह आरोपियों के भागने की जानकारी मिली जिसके बाद एएसपी संतोष महतो के नेतृत्व में पुलिस ने पीछा कर उड़ीसा के बृजराजनगर में घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी 62 वर्षीय नर्मदा आ. स्व.हरवंश, 60 वर्षीय बाबुलाल आ. स्व. हरवंश, 28 वर्षीय जयप्रकाश आ. नर्मदा व 33 वर्षीय ओमप्रकाश आ. नर्मदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि खेत मूंगफली उखाड़ कर खाने को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद उन्होंने रंजिशवश इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 109(1), 324(4), 3(5) व 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक रामजतन सिंह, आरक्षक मितेश, राजेश नायक, गजेन्द्र पाल सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**हटाए गये थाना प्रभारी**

इस घटना के दौरान पुलिस पर भी लापरवाही के आरोप लगे। मृतक के परिजन का आरोप था कि हत्या से पहले खेत में आरोपियों ने मारपीट की जिसके शिकायत उन्होंने थाने में की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके साथ ही रास्ते में नकना चौक के पास आरोपियों ने उन्हें बोलेरो से कुचलने का प्रयास किया जिसकी शिकायत थाने में करने के बाद भी बिना कार्रवाई के ही उन्हें थाने से भगा दिया गया। पुलिस यदि समय रहते कार्रवाई करती तो दो लोगों की मौत नहीं होती। इन आरोपों व घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने थाना प्रभारी राजेन्द्र साहू को लाइन अटैच कर दिया है इसके साथ ही अलरिक लकडा को थाना प्रभारी बनाया गया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि थाने के सीसीटीवी फुटेज के प्रारंभिक जांच में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है।

**चल रही है जांच**

हत्या के बाद आरोपी भागकर उड़ीसा चले गए थे। चारों आरोपियों को उड़ीसा से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में प्रारंभिक रूप से लापरवाही पर थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया गया है इसके साथ ही मामले की जांच एएसपी को कर रहे है।

-प्रशांत ठाकुर, एसएसपी

# केन्द्रीय जेल के कैदी ने पेशाब की नली में डाल ली 9सीएम की पेंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चार घंटे के ऑपरेशन उपरान्त निकाला गया बाहर, घटना से चिकित्सक भी हैरान

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक अनोखा मामला सामने आया है जिसे देखने के बाद चिकित्सक भी हैरान रह गए। अस्पताल में केन्द्रीय जेल से एक कैदी को भर्ती कराया गया। कैदी ने अपने पेशाब की नली में खुजली होने पर पेंसिल डालकर फंसा लिया था। गनीमत रही कि समय रहते चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन कर पेन्सिल को बाहर निकाल लिया। चिकित्सकों का कहना है कि उन्होंने भी अपने करियर में पहली बार ऐसा मामला देखा है। फिलहाल कैदी का उपचार अस्पताल में जारी है।


बताया जा रहा है कि 23 सितम्बर की रात राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में केन्द्रीय जेल से एक कैदी को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। कैदी को पेशाब रुकने की शिकायत थी। शुरुआत में जब चिकित्सकों ने इसकी जांच की तो कैदी के पेशाब की नली से खून आ रहा था और एक धागा लटका हुआ था। ऐसे में चिकित्सकों ने जब कैदी से गहनता से पूछताछ की तो उसने बताया कि पेशाब की नली में खुजली होने पर उसने पेंसिल को पेशाब की नली में डाल लिया था लेकिन पेंसिल अंदर ही फंस गई। कैदी की इस परिस्थिति देखने के बाद चिकित्सकों ने तत्काल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। इस दौरान सर्जरी विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी कुजूर,डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. काँटा व डॉ. इंद्रनील के साथ ही निश्चेतना विभाग से डॉ. शिवम की टीम ने मरीज का ऑपरेशन शुरू किया। लगभग 3 से 4 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने कैदी के पेशाब की नली में फंसी हुई पेंसिल को बाहर निकाला। पेशाब की नली से निकाली गई पेंसिल की लम्बाई 9 सीएम है। चिकित्सकों का कहना है कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार ऐसा केस देखा है। यदि समय पर मरीज को अस्पताल में नहीं लाया गया होता तो खून का रिसाव होने के साथ ही पेशाब की नली फटने से अंदर रिसाव होता और मरीज की जान खतरे में पड़ जाती लेकिन चिकित्सकों ने समय रहते मरीज का सफल ऑपरेशन कर पेंसिल को निकाल लिया। फिलहाल मरीज की हालत सामान्य बनी हुई है और चिकित्सक उसके स्वास्थ्य पर निगरानी रख रहे है।



ऑपरेशन करते चिकित्सक।

**कैदी के पास कहां से आई पेंसिल**

इस घटना के बाद केंद्रीय जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए है। एक कैदी के पास इस तरह की कोई भी वस्तु नहीं होती है लेकिन कैदी को इतनी बड़ी पेंसिल कैसे मिल गई इस लेकर कोई जानकारी नहीं है। इस पेंसिल के सहारे किसी भी प्रकार की घटना की जा सकती थी। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में कैदियों के पास इस तरह के सामान मिलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी कुलदीप साहू और कुख्यात बदमाश दीपक नेपाली के पास से पुलिस को मोबाइल फोन मिला था। इसके साथ ही बैरक से गांजा भी बरामद हो चुका है।



# धार्मिक स्थल पर पूजापाठ के दौरान बाधा उत्पन्न करने से भड़का नागवंशी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- केरजू चौकी पहुंचकर की नारेबाजी, लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, पुलिस ने दोनों पक्षों को दी समझाइश

नवरात्रि के दौरान धार्मिक स्थल पर आराध्य देव की पूजापाठ के दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा बाधा उत्पन्न करने से क्षेत्र का नागवंशी समाज भड़क गया। आक्रोशित समाज के लोग लोगों ने केरजू चौकी पहुंचकर लोगों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नागवंशी समाज ने पूजापाठ में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सेन्हाटोंगरी गेरसा में नागवंशी समाज द्वारा नाग देवता की स्थापना कर पूजापाठ की जाती है। नवरात्र पर्व के अवसर पर भी नागवंशी समाज द्वारा उक्त धार्मिक पर नियमित रूप से पूजा पाठ किया जा रहा था। आरोप है कि मंगलवार को सोमारू राम नागवंशी, करमसाय नागवंशी, अपने साथी संतोष कुमार उरांव एवं सीताराम उरांव के साथ धार्मिक स्थल पर पूजा पाठ करने पहुंचे थे इस दौरान ग्राम गेरसा के शेखर, पूनम, मानसाय, अनिल समेत काफी संख्या में महिला पुरुष वहां पहुंचे और पूजा पाठ का विरोध करने लगे। पूजा पाठ का विरोध करने वालों का कहना था कि यह शासकीय गोचर भूमि है जहां पूरे गांव के मवेशी चराने आते है और गांव के मवेशियों की जब मौत होती है तब उसे यही दफनाया जाता है। ग्रामीणों द्वारा विरोध दर्ज कराने के दौरान दोनों पक्षों में होने वाली कहा सुनी ने विवाद का रूप ले लिया। इस दौरान भीड़ में मौजूद गांव का मवेशी चराने वाले एक चरवाहे ने पूजापाठ करने आये चार में से एक के गले मे हड्डी की माला डाल दी। जिससे विवाद काफी गहरा गया और गले मे हड्डी की माला डालने से नागवंशी समाज भड़क गया। इस घटना के बाद बुधवार को सीतापुर क्षेत्र से नागवंशी समाज के महिला-पुरुष एवं युवा सदस्य भारी संख्या में इकट्ठा हुए और केरजु चौकी पहुंचे जहां उन्होंने धार्मिक स्थल पर अपने आराध्य देव के पूजापाठ के दौरान बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में नागवंशी समाज के लोग मौके पर उपस्थित थे। इस संबंध में केरजु चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्ष के लोग आए और अपना पक्ष रखा। नागवंशी समाज ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वहां वे लोग नाग देवता की स्थापना कर पूजापाठ करते आ रहे है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि वो शासकीय गौचर भूमि है जहां पूरे गांव के मवेशी चरने आते है।

इसके अलावा मवेशियों की मौत के बाद उन्हें यही दफनाया जाता है। इसलिए यहाँ होने वाले पूजा पाठ पर रोक लगाई जाए।



विरोध प्रदर्शन करती समाज की महिलाएं।

# स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार बस के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया जबकि बस में स्कूली बच्चे सवार थे। हालांकि किसी भी बच्चे को चोट नहीं आयी है और देर शाम तक इस मामले में किसी ने पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि कोरबा-सक्ती मार्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिलकेजा के समीप एक तेज रफ्तार स्कूल बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जहां हादसे के बाद हड़कप मच गया बाइक सवार सड़क किनारे घायल हालत में खून से लतपथ पड़ा हुआ था। वहीं इस हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर घायल युवक पर पड़ी जहां किसी तरह एंबुलेंस के माध्यम से घायल को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि बस पर लगभग 14 बच्चे बैठे हुए थे। हादसे के होते ही बच्चों में चीखपुकार मच गई। बताया जा रहा है कि घायल युवक रेनखोल निवासी उत्तम यादव है जो नवरात्र में सुबह दर्शन करने मंदिर जा रहा था। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने जानकारी दी कि हादसे की सूचना मिली थी लेकिन इस मामले को लेकर किसी ने देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।




## खबर संक्षेप



### संगोष्ठी में महिला स्वास्थ्य पर जोर, निकाली गई रैली

**रामचंद्रपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को महिला स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उपस्थित मितानिन एवं आंबा कार्यकर्ताओं को महिला स्वास्थ्य का महत्व, आम बीमारियों की पहचान व उपचार, नियमित जांच पर चर्चा की गई। बीएमओ डॉ.महेश प्रसाद गुप्ता ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उन्हें सशक्त बनाने एवं मातृ मृत्यु कम करने की दिशा में आवश्यक पहल करने की सलाह दी। सरपंच श्रीमती यशोदा सिंह ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत रामचंद्रपुर में रैली निकाली गई जिसमें मितानिन समूह की महिलाएं व ग्रामीणों ने भागीदारी की। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में 124 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अमृत सरोवर तालाब में की गई साफ सफाई



**लखनपुर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की मौजूदगी में स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगंवा स्थित अमृत सरोवर तालाब में बुधवार को सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने समूह की दीदी और ग्रामीणों के साथ मिलकर अमृत सरोवर तालाब और मेड की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया इसके साथ ही समूह की महिलाओं को अमृत सरोवर तालाब में मछली पालन गतिविधियों से भी जोड़ा गया। वही जनपद के सीईओ डॉक्टर स्वेच्छा सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए गांव को साफ और स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शशिकला विक्रम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, लुण्ड्रा विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, देवनारायण यादव, कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, एनआरएलएम बीपीएम मनोज किस्पोट्टा, एसी अजय तिर्की सरपंच सूर्य बहादुर सिंह, सचिव अकृत राम, बलदेव सिंह, परसोतम, रूप देव साईं राजकुमारी, वंदना टोप्पो, सहन राम, कन्हैयालाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### रन फॉर आयुर्वेद में स्वस्थ आहार-विहार अपनाने दिलाई गई शपथ



**अम्बिकापुर।** आयुर्वेद दिवस पर मंगलवार को रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। महापौर मंजूषा भगत ने हरी झंडी दिखाकर गांधी स्टेडियम से दौड़ का शुभारंभ कराया। घड़ी चौक तक दौड़ लगाने के बाद प्रतिभागी वापस स्टेडियम पहुंचे जहां दौड़ का समापन किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा इम्युनिटी बूस्टर काढ़ा वितरित किया गया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि लोगों का आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ा है आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है जिसका हम रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग कर रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल ने स्वस्थ जीवन के लिए ऋतुचर्या अनुसार आहार-विहार करने की जानकारी दी साथ ही विभाग द्वारा संचालित योगाभ्यास, लाइफस्टाइल सुप्रजा, मस्कुलर डिसऑर्डर, ऑस्टियोआर्थराईटिस, सियान जतन कार्यक्रम के बारे में लोगों को अवगत कराया। डॉ.संध्या पाण्डेय ने आयुर्वेद दिवस के महत्व एवं ऋतु परिवर्तन की सावधानियों को विस्तार से बताया। महापौर ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ आहार-विहार की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पवन गुप्ता ने किया इस दौरान डॉ.डीके जायसवाल, डॉ.विनोद सिंह पैकरा, डॉ.नम्रता सिंह, डॉ.दीपा साहू, डॉ.भारती परिहार, डॉ.शहनाज परवीन, डॉ.प्रीति कौशल, डॉ.शहनाज परवीन, डॉ.ज्योति मिश्रा, डॉ.अनिस अहमद मंसूरी, डॉ.ख्वाजा फखरूद्दीन, डॉ.अतुल मरकाम, डॉ.आरके मिश्रा, डॉ.मयंक शर्मा, डॉ.बीपी मिश्रा, डॉ.सुनील मंदिलवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 27 को करमा तो 28 को होगी ठाकुर देव की पूजा

# जिले में पहले दशहरे का आगाज डांड़गांव से, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

डांड़गांव क्षेत्र के डांडगोइया में दशहरा को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही है। जिले में दशहरा का आगाज डांडग़ांव के डांड़गोइहा में दसई करमा एवं दूसरे दिन ठाकुर देव के पूजा अर्चना के साथ शुरू होती है। दशहरा को लेकर ठाकुरदेव धाम परिसर की साफ-सफाई सहित तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तो वहीं ग्रामीण भी अपने घरों की साफ-सफाई के साथ घरों में रंग रोगन में जुट गए है।

**खास बात**

- हजारों की संख्या में शामिल होते है कई ग्राम पंचायत के लोग

सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के आस्था के केंद्र माने जानें वाले ठाकुर देव धाम में सबसे पहले दसई करमा दशहरे का आयोजन का आगाज डॉंड़गोइहा ठाकुर देव से कुँवर के पंचमी मास से शुरू होता है। इस वर्ष 27 सितंबर की रात दसई करमा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हजारों के संख्या में आसपास के ग्रामीण पूरी रात मादर के थाप पर करमा नृत्य महिला, पुरुष ठाकुर देव धाम में करेंगे। वहीं दूसरे दिन भोर 28 सितम्बर को ठाकुर देव धाम में पूजा अर्चना के साथ दशहरे मेले का आयोजन किया जाता है। गांव के परंपरानुसार ठाकुर देव को कुलदेव व रक्षक माना जाता है और सबसे पहले गांव में उनकी पूजा की जाती है। आदिकाल से चली आ रही गांव के परंपरा अनुसार श्रद्धालु ठाकुर देव के आंगन में मांदर की ताल में लोग करमा नाचते-गाते हैं। सभी के मन में ठाकुर देव के प्रति श्रद्धा भक्ति -भाव देखने को मिलता है। ठाकुर देव सभी की मनोकामना पूरी करते है। इस संबंध में ठाकुर देव धाम के प्रमुख बैगा शिवा राम बिंझवार, सरपंच देव लोचन सिंह ने बताया कि धूमधाम से पूजा एवं दशहरे मेले की तैयारी किया गया है। जहां दूर दराज से दुकानदार भी बड़ी संख्या में दुकान लगाने पहुंचते है। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को भी सूचित किया गया है जो मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखते है।



धान परिसर का सफाई करते ग्रामीण।



ठाकुर देव धाम।

### पूजा से पहले की जाती है तैयारी

डाँड़गोइहा ठाकुर देव धाम में पूजा का समय करीब आते ही ग्रामीण पुरानी परंपरा के अनुसार पूजा से पहले की तैयारियां शुरू कर देत है। आस पास के दर्जनों ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपने घरों में रंग रोगन के अलावा पूजा शामिल होने के लिए दूर दूर के रिश्तेदारों को निमंत्रण देते हैं। ठाकुरदेव धाम में पूजा अर्चना करने अन्य जिले के लोग शामिल होते हैं। गांव में बड़े ही धूमधाम से ठाकुर देव धाम को मनाया जाता है जहां हजारों की संख्या में लोग शाम को ही पहुंचने लगते हैं। ठाकुर देव धाम में शिवा राम बैगा एवं उनके टीम द्वारा पूजा अर्चना करवाया जाता है। इस वर्ष लगभग दस से बीस हजार की संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### मन्नतों के साथ चढ़ती हैं बकरों की बलि

ठाकुर देव को मानने वाले लोग अपनी मन्नते पूरी होने एवं इस पावन अवसर पर बकरों की बलि चढ़ाने की परंपरा है। इसके अलावा भी पूरे बारह महीने श्रद्धालुओं का दर्शन एवं परिवार की खुशहाली की मंनन्त को लेकर ठाकुर देव धाम में माथा टेकने भारी संख्या में लोग आते हैं। प्राचीन समय से ही मान्यता है कि जिले में सबसे पहले डांड़गांव के ठाकुर देव धाम में पूजा अर्चना के बाद दशहरे का आगाज होता है।उसके बाद सरगुजा पैलेस के साथ साथ गांवों में दशहरा करमा का त्यौहार मनाया जाता है।



## दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर अनोखी सोच द्वारा आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धूम है। मेहंदी प्रतियोगिता के बाद संस्था द्वारा मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देना और कलाकारों की सृजनात्मकता और प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में कुल 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें जूनियर वर्ग में 35 एवं सीनियर वर्ग में 25 प्रतिभागी शामिल हुए। सभी ने अपनी रचनात्मकता एवं रंगों के सुंदर संयोजन से आकर्षक रंगोलियां प्रस्तुत कीं। प्रतिभागियों ने पारंपरिक, आधुनिक और विषय आधारित रंगोलियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल ने रंग संयोजन, डिजाइन, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती वर्षा उपगड़े, श्रीमती मीरा साहू, श्रीमती दीक्षा अग्रवाल एवं रणविजय सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता में विजेताओं की घोषणा 2 नवंबर फिनाले के दिन की जाएगी एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन निर्माण की जांच शुरू, टीम को सात दिनों में देनी होगी रिपोर्ट

**प्रतापपुर।** 38 करोड़ की लागत से प्रतापपुर में बन रही एकलव्य आवासीय विधालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने इसके लिए टीम का गठन किया है।

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आई बल्कि भवन निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की जांच करने जांच टीम गठित की है। जांच टीम को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करना है। 38 करोड़ की लागत से प्रतापपुर में बन रहे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री उपयोग की शिकायतों पर अब आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। कलेक्टरने ब्लॉक स्तरीय ईएमआरएस निर्माण प्रबंधन समिति को निर्देशित किया है कि वह समिति के सदस्यों के साथ मिलकर स्थल निरीक्षण करे और निर्माण कार्य से जुड़ी शिकायतों की विस्तृत जांच रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। कलेक्टर के आदेश में यह स्पष्ट कहा गया है कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रजत महोत्सव पर आत्मा योजनांतर्गत महिलाओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण



**मानीचौक।** रजत महोत्सव के अवसर ब्लाक के विभिन्न पंचायत के महिला कृषकों को आत्मा योजना शाखा प्रभारी के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा का भ्रमण कराया गया जिसमे ग्राम पोड़ी, बसदेई, लाछा, नयनपुर, चंपक नगर के महिला कृषकों को प्रशिक्षण देकर खेती प्रति जागरूक कराया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बसदेई, पोडी, लाछा, नयनपुर व चंपक नगर से महिला कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र अजिरमा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वीरेंद्र चौहान द्वारा महिला कृषकों को कृषि की नई तकनीक की जानकारी देने के साथ कृषि कार्य करके आय बढ़ाने के संबंध में बताया गया। इस दौरान उपसंचालक कृषि के आत्मा शाखा प्रभारी अभय कुमार भोझा, ब्लाक के आत्मा शाखा प्रभारी कुमार बिन्दुमति पैकरा एवं कृषक मित्र बघोलन राम, धनीराम, उमाकांत, सहित अन्य कृषक मित्र उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा सालाना बोनस विवाद पर श्रमिक यूनियनों का खदानों में विरोध-प्रदर्शन





**बिश्रामपुर।** उच्च न्यायालय कोलकाता द्वारा कोल कर्मियों के सालाना दुर्गा पूजा बोनस के मुद्दे पर बुलाई गई मानकीकरण समिति की बैठक स्थगित कर देने के बाद से एटक और सीटू यूनियन के नेतृत्व में खदानों में विरोध की लहर तेज हो गई है,बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की सभी खदानों में श्रमिकों ने गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया और सभी कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों को 1 लाख रुपए अग्रिम बोनस देने की मांग की गई,एसकेएमएस एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने जानकारी देते हुए कहा कि कोल इंडिया केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही है, उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने इंटक यूनियन को बोनस पर होने वाली बैठक में शामिल करने का आदेश दिया था,लेकिन इस फैसले के खिलाफ कोल इंडिया ने डबल बेंच में अपील की,इसके चलते बैठक पर रोक लग गई, श्री गर्ग का आरोप है कि यह रोक वास्तव में केंद्र और कोल इंडिया की साजिश है,जिससे लाखों श्रमिकों का बोनस अटक गया है,उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के इस कदम से न सिर्फ नियमित कर्मचारियों बल्कि ठेका श्रमिकों की भी मेहनत पर ग्रहण लग गया है,करीब सवा दो लाख कोल कर्मचारी और ठेका मजदूर इस फैसले से प्रभावित हुए हैं,त्यौहारों के मौसम में बोनस उनकी बुनियादी जरूरत है और इसे रोका जाना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,गेट मीटिंग में श्रमिकों ने साफ चेतावनी दी कि यदि तत्काल एडवांस बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन में और तेजी आएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर 2**
**जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /202509021700065/ब-121/2024-25

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कोणार्क बिल्डर्स द्वारा भागीदार मनीष कुमार सिंह आ. सुधाकर सिंह निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सोनपुरकला स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 3/127, 3/128, 3/130, 3/133 रकबा 0.186, 0.150, 0.295, 0.305 हे. में से क्रमशः 0.032, 0.007, 0.007, 0.011 हे. कुल रकबा 0.062 हे. (631.75 वर्गमीटर) भूमि को अनावेदिका फूलमनी गुप्ता पति निर्मल प्रसाद गुप्ता व अन्य 07, निवासी ग्राम डीपाडीहकला तहसील शंकरगढ़, जिला-बलरामपुर (छ.ग.) को कुल रु. 1,95,00,000/- (एक करोड़ पंचानबे लाख रुपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/09/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM,(Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन)डी.ए.बी. (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी, एस.सी.ई (गैस्ट्रो)
श्वास,छाती,एलर्जी एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा MD,(T.B.,& Respiratory Diseaseas)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.के.साहू MD,DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH,Neurosurgery
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी M.D.,D.M.,Cardiology
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho,MRCS Joint Replacement and Trauma Surgeon
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल.द्वय
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
28 सितम्बर 2025,माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक



## स्वच्छ भारत मिशन थीम पर आईटीआई के विद्यार्थियों ने लगाई दौड़

**अम्बिकापुर।** स्वस्थ भारत मिशन अंतर्गत आईटीआई में मंगलवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ समाजसेवी एवं अग्रसेन गौशाला के अध्यक्ष करताराम गुप्ता तथा प्राचार्य सी.एस.पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित शारीरिक अभ्यास जरूरी है। उन्होंने युवाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य श्री पैंकरा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने और टीम भावना को मजबूत करने में सहायक होते हैं। महिला वर्ग में कुमारी अनायु ने प्रथम यशोदा द्वितीय तथा पुरूष वर्ग में संदीप प्रथम एवं आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी ने स्वच्छ भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 21 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 20 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत 25 सितंबर गुरुवार को एमसीबी जिले में जिला मेडिकल बोर्ड एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में संपन्न होगा।

### आपदा से निपटने की मॉक एक्सरसाइज आज

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार जिले में बाढ़ और आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 25 सितंबर को तहसील नागपुर अंतर्गत ग्राम लाई में हसदेव नदी इंटकवेल और ग्राम लाई स्थित वन विभाग नर्सरी में मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसके पूर्व 23 सितंबर को टेबल टॉप एक्सरसाइज किया गया था। इस अभ्यास में वास्तविक आपदा जैसी स्थिति बनाकर बचाव, राहत और समन्वय कार्यों का परीक्षण किया जाएगा।

### रोजगार मेला कल, निजी क्षेत्र में मिलेगा अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगारों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 26 सितंबर को प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक वार्ड नंबर 17 भगत सिंह वार्ड, जोड़ा तालाब छठ घाट के पास जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित होगा।

### कलेक्टर से विकास कार्यों पर चर्चा



**बैकुण्ठपुर।** बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी से भेंट कर जिले के विकास कार्यों से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, पार्षद भानू पाल, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, चेंबर ऑफ कॉमर्स जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहे।

### 154 ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्र सरकार व राज्य सरकार निर्देश के तहत जिले में आदि कर्म योगी अभियान सोनहत एवं बैकुंठपुर विकासखंड के चिन्हित 154 ग्रामों में लगातार चलाई जा रही है। इस अभियान के तहत जनजाति परिवारों को मूलभूत सुविधाओं के अलावा शासन की 25 योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में बैकुंठपुर विकासखंड में ग्रामीण स्तर पर ट्रांस्कट वॉक कर विलेज डेवलेपमेंट प्लान निर्माण किया जा रहा है। अभियान के दौरान सभी 138 आदि ग्रामों में ट्रांजिट वॉक करते हुए नजरी नक्शा एवं ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार की जा रही है।

### आदि कर्मयोगी अभियान से तैयार हो रहा ग्राम विकास प्लान

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार सोनहत विकासखंड के दूरस्थ जनजातीय बहुल ग्राम रजौली, भैंसवार, नगौई, सुंदरपुर, मधौरा, बसेर और बेलिया में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर जनजातीय परिवारों को शासन की 25 प्राथमिक योजनाओं से जोड़ना और उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाना है। अभियान के अंतर्गत ग्रामों में ट्रांजेक्ट वॉक किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। इस दौरान नजरी नक्शा तैयार कर ग्राम विकास की दिशा तय की जा रही है। ग्रामीणों को सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना के साथ वर्ष 2030 तक अपने गांव को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इन गतिविधियों में आदि साथी और आदि सहयोगी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। साथ ही ग्राम स्तरीय समिति, कर्मयोगी, कर्मसाथी, विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और ग्रामीणजन भी मिलकर ग्राम विकास विजन प्लान तैयार कर रहे हैं।

---

#### जिला विभाजन के बाद भी मनेन्द्रगढ़ में संचालित है पीडब्ल्यूडी सहित अन्य कार्यालय

# जिपं सामान्य सभा का प्रस्ताव : कोरिया के जिला कार्यालय बैकुंठपुर में वापस हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सीईओ समेत अन्य।

जिला पंचायत कोरिया की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को सभाकक्ष में अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत में विभागीय अधिकारियों ने पिछली बैठक में उठाए गए विषयों पर हुई कार्रवाई से सदन को अवगत कराया। इसके उपरांत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं व जनहित के मुद्दे रखे, जिन पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष श्री पैकरा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यहां छोटे बच्चों की शिक्षा, पोषण और सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। अतः सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के आसपास सफाई कराने पर जोर दिया। सभा में जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने जिला विभाजन पूर्व मनेन्द्रगढ़ में संचालित लोक निर्माण विभाग, रोजगार पंजीयन कार्यालय सहित अन्य जिला कार्यालयों को शीघ्र बैकुंठपुर में प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर शासन को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। वहीं सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह ने जमदुआरी घाट (राष्टीय राजमार्ग) पर गिरे पेड़ों से हादसे की आशंका जताते हुए इन्हें हटाने की मांग की। जिला पंचायत सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि पोड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में योजनाओं का हस्तांतरण लंबित है, इसके कारण कार्य प्रभावित हुए हैं। शासन से अनुमति मिलते ही सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, राजेश साहू, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय सहित अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

पहली बार पहुंचे मंत्री राजेश अग्रवाल



# पर्यटन के क्षेत्र में मिलेगी चिरमिरी को नई पहचान

**डोमनहिल।** अंबिकापुर विधायक एवं नव नियुक्त मंत्री राजेश अग्रवाल का प्रथम आगमन रविवार को कोयलांचल नगरी चिरमिरी में हुआ।

इस अवसर पर चिरमिरी मंडल द्वारा दादू लाहिड़ी चौक डोमनहिल एवं यातायात चौक हल्दीबाड़ी में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, महापौर रामनरेश राय, भाजपा महामंत्री द्वारिका जायसवाल, मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में पर्यटन विकास पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। चिरमिरी सहित सरगुजा-बस्तर के पर्यटन स्थलों को नई पहचान दिलाने के लिए व्यापक कार्य किया जाएगा। आप लोग निश्चिंत रहें, पर्यटन क्षेत्र में बड़ा काम होगा।

---

# कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान तहसील कार्यालय के बगल में धरना प्रदर्शन करते हुए 9 सूत्रीय मांग पत्र पर अपनी बात रखते हुए अपनी बरसों पुरानी मांग को सरकार से पूरा करने को लेकर उपस्थित जिलेभर से आए पदाधिकारी से समर्थन का आव्हान किया। इस दौरान संघ की प्रमुख मांगों को रखा गया गया। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर



जिला अध्यक्ष आशीष नामदेव, संरक्षक पीएल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हर्ष कुमार अहिरवार, संजय अमलेश, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सचिव विकास चौरसिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरूंधति राज, ब्लॉक अध्यक्ष नफीस आलम,अमित सेन, दुर्गेश सिंह, रवि गुप्ता, नीरज जायसवाल, इंद्रपाल वासकले के अलावा मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-खड़गवां से काफी संख्या में कृषि विभाग के अधिकारी -कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध शराब बेच रही महिला गई जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल ने स्टाफ को सतत गश्त और आपराधिक प्रकरण कायम करने कहा है। इसी कड़ी में सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनारी में आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई की। सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सपना सिन्हा एवं आबकारी उपनिरीक्षक राम सनेही यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी प्रकासी बाई राजवाड़े के घर से 7 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी के विरूद्ध छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। उसे जिला न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा संचालित दुकानों में उपलब्ध देशी एवं विदेशी मदिरा के ब्राण्ड, स्टॉक और दर की जानकारी मनपसंद मोबाइल एप (प्लेस्टोर पर उपलब्ध) से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही अवैध शराब की सूचना टोल फ्री नंबर 14405 पर दी जा सकती है।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**डोमनहिल।** दुर्गा पूजा को लेकर चिरमिरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विजेन्द्र सिंह सारथी ने की तथा संचालन सीएसपी दीपिका मिंज ने किया।



बैठक में पूजा पंडाल समितियों के अध्यक्षों और गणमान्य नागरिकों से सुझाव लिए गए। थाना प्रभारी आरएन गुप्ता ने कहा कि पूजा के दौरान सभी पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पुलिस बल और दंडाधिकारी समय-समय पर जायजा लेंगे तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। एसडीएम ने समितियों को दुर्गा पूजा संबंधी सरकारी गाइडलाइन से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डीजे अत्यधिक ध्वनि पर नहीं बजेंगे। पूजा के दौरान कोई भड़काऊ नारे या विवादित स्लोगन नहीं लगेंगे और जबरन चंदा वसूली करने वालों पर कार्रवाई होगी। श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सीएसपी दीपिका मिंज ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था और विश्वास का पर्व है, जिसे सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है।

# मिलेट्स व्यंजनों एवं स्थानीय उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

**मनेन्द्रगढ़।** छग रजत जयंती सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शा विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आत्मनिर्भर भारत एवं वोकल फार लोकल के उद्देश्य से मिलेट्स व्यंजनों एवं पोषण आहारों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें कोरिया मोदक और रागी बर्फी, बाजरा बर्फी, खीर ज्वार गुलाब जामुन, रागी मसाला डोसा, कोदो उपमा, मिलेट्स मंचूरियन बाजार मसाला , कोदो इडली ज्वार मसाला, डोसा के अतिरिक्त कोरिया एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड छग के द्वारा उत्पादित शहद, साबुन के उत्पाद आम लोगों के लिए सुलभ कराए गए। सरस्वती स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत लोहारी के द्वारा उत्पादित अरहर दाल, सुगंधित जीरा फूल चावल एवं लक्ष्मी महिला उत्पादक समूह चनवारीडांड़ द्वारा दिया बाती का काउंटर लगाया।




# सिद्ध बाबा धाम में जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत धार्मिक, पर्यटन और सामुदायिक स्थलों पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले के पवित्र स्थल सिद्ध बाबा धाम पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामुदायिक स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ परिसर को स्वच्छ बनाया तथा उपस्थित लोगों को पर्यटन स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और गंदगी न फैलाने की शपथ दिलाई। सामुदायिक श्रमदान में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, सरपंच सोनू सिंह, ग्राम पंचायत चनवारीडांड, जनपद सदस्य रविशंकर वार्ड पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैशाली सिंह, जनपद पंचायत ब्लॉक समन्वयक प्रभा प्यासी, मंदिर समिति सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

# महाविद्यालय में रासेयो स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

यह आयोजन भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर संचालित एनएसएस के बैनर तले प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी श्रीमती शीतल सिदार एवं राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. महेश मिश्रा हवलदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य डॉ. रंजना कच्छप ने स्वागत उद्बोधन में एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को निःस्वार्थ भाव से सेवा करने और राष्टहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती शिवहरे ने युवाओं को देश निर्माण की रीढ़ बताते हुए अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा किए। विशिष्ट अतिथि श्रीमती शीतल सिदार ने साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा पर उपयोगी जानकारी दी, वहीं डॉ. महेश मिश्रा ने यातायात नियमों के पालन की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीबी रोग एवं बचाव संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस बी और सी प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। स्थापना दिवस पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं ने सुआ, करमा, पंथी, बंगाली, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी और राउतनाचा नृत्य प्रस्तुत किए, साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया।

### 8 साल बाद जीएसटी पर सरकार का दिखावा

**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी अनूपपुर के जिला महामंत्री वरूण चटर्जी ने तंज कसते हुए कहा कि आज भाजपा के लोग बता रहे हैं कि कल से जीएसटी घट रहा है, हकीकत यह है कि आठ साल से यही सरकार जनता को लूट रही थी। अब जब जनता नाराज है और चुनाव सिर पर हैं, तब दिखावा कर रहे हैं। जनता की नाराजगी साफ झलक रही है। बाजार में छोटे व्यापारी कह रहे हैं जीएसटी ने हमारा कारोबार चौपट कर दिया, रोज नए नियम और टैक्स का बोझ डालकर सरकार ने जीना मुश्किल कर दिया। वहीं गृहिणियां कह रही हैं महंगाई से रसोई का चूल्हा ठंडा पड़ रहा है और सरकार को अब होश आया है

### अमृतधारा में श्रमदान कर साफ-सफाई



मनेन्द्रगढ़। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों की सहभागिता से स्वच्छता श्रमदान कर लोगों से स्वच्छता के लिए अपील की जा रही है। जिले के प्राकृतिक सौंदर्यता से आच्छादित अमृतधारा में जिले की पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, जनपद सदस्य शाहनवाज अली, राज्य सलाहकार पुरूषोत्तम पांडा के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वच्छता श्रमदान कर आगंतुकों से स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए अपील किया। श्रमदान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य सलाहकार पुरूषोत्तम पांडा, अनुविभागीय अधिकारी लिंगराज सिदार, तहसीलदार समीर शर्मा, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी विनोद पाण्डेय, जिला समन्वयक राजेश जैन, प्रभा प्यासी आदि मौजूद रहे।

# विजयदशमी से होगा आरएसएस का शताब्दी वर्ष शुरु

**कोरिया कॉलरी।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के प्रेरणा मंडल कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें सह जिला कार्यवाह देवेन्द्र सिंह और नगर कार्यवाह नीरज अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए देवेन्द्र सिंह ने कहा कि 1925 में संघ की स्थापना स्थापना हुई और आज 2025 में संघ अपना शताब्दी वर्ष बना रहा है। इन 100 वर्षों की यात्रा में स्वयंसेवकों ने अपने सेवा समर्पण और विश्वास के साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने का कार्य किया। इन 100 वर्षों की यात्रा में संघ पर प्रतिबंध भी लगे, परंतु उन सभी को पार करते हुए संघ आज अपना इस विजयदशमी में शताब्दी वर्ष बना रहा है। उन्होंने बताया कि इस 2025 की विजयादशमी से संघ के शताब्दी वर्ष का प्रारंभ होगा।



---

#### नवरात्रि पर चहुंओर बह रही भक्ति की बयार

# नवरात्रि पर चैतन्य देवियों की झांकी 27 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गढ़ेलपारा बैकुंठपुर में ध्वनि और प्रकाश से सुसज्जित भव्य चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन किया जा रहा है। यह झांकी 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6:30 से रात 10 बजे तक नगरवासियों के दर्शन के लिए खुली रहेगी।

बीके रेखा दीदी ने जानकारी देते हुए कहा कि नवरात्रि आत्मिक जागरण का अवसर है, जो अज्ञान की नींद से जगाने और आत्मा के साथ गुणों व 8 शक्तियों को धारण करने का समय है। नवरात्रि का वास्तविक अर्थ अपने भीतर की शक्ति को जगाना और जीवन में खुशी का संचार करना है। यह उत्सव आंतरिक नकारात्मक आदतों—जैसे



क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से ऊपर उठकर उन्हें त्यागने का संदेश देता है। ये ही नकारात्मक संस्कार रावण के प्रतीक के रूप में समझे जाते हैं। आयोजन में प्रतिदिन चैतन्य नौ देवियां विराजमान रहेंगी, जिनका दर्शन नगर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए विशेष अनुभव होगा। आयोजकों ने लोगों से अपील किया है कि वे सपरिवार आकर इस झांकी का आनंद लें और आत्मिक शांति का अनुभव प्राप्त करें।

### लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में गरबा महोत्सव कल से

डोमनहिल। शारदीय नवरात्र की पावन बेला पर चिरमिरी एक बार फिर गरबे के उल्लास में रंगने जा रहा है। रास गरबा आयोजन समिति द्वारा 26, 27 और 28 सितंबर को रास गरबा महोत्सव पंखिड़ा का भव्य आयोजन लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा में किया जाएगा। महोत्सव में एंकर एवं गायक जेपी शर्मा और एंकर पल्लवी सिंह अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। वहीं कलकत्ता का सुप्रसिद्ध डांस ग्रुप ढोल अपनी अनोखी प्रस्तुतियों से गरबा की संगीतमयी शाम को और खास बनाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित गरबा महोत्सव 2024 को अपार सफलता और लोकप्रियता मिली थी। इस बार भी प्रदेशभर से गरबा प्रेमियों के उमड़ने की संभावना है। समिति ने बताया कि आयोजन को चतुर्थी, पंचमी और षष्ठी को रखा गया है, क्योंकि सप्तमी, अष्टमी और नवमी को नगर में पारंपरिक झांकी और बैठकी का आयोजन होता है। इस गरबा महोत्सव में स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि और संरक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे।

# विद्यार्थियों को साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के हायर सेकेंडरी सुंदरपुर में जनपद अध्यक्ष सोनहत श्रीमती आशा देवी की अध्यक्षता में पुलिस विभाग थाना सोनहत के थाना प्रभारी हेमंत अग्रवाल एवं सहयोगी सिपाहीगण द्वारा विद्यालय में साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा,नशा उन्मूलन एवं अन्य विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में छात्रों को बताया व जागरूक कर इन प्रकार के अपराधों से बचाने, सतर्क रहने एवं सावधान रहने की बात कही।



उन्होंने बताया कि हमें तो किसी भी प्रकार के अपराधों में भागीदार नहीं रहना है। साथ ही हमारे आसपास यदि किसी के द्वारा अपराधिक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा हैं तो उसके बारे में पुलिस विभाग को सूचना दिया जाना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने समझाया कि हमें गलत रास्ते से बचाव करते हुए सही रास्ते पर चलकर बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ाना है। जनपद अध्यक्ष सोनहत श्रीमती आशा देवी द्वारा बच्चों को बताया कि सभी बच्चे देश के भविष्य हैं। आपको अच्छे से पढ़ लिखकर अपने गांव माता-पिता समाज का नाम रोशन करना है। छात्र नशे से दूर रहकर अपराधों से भी दूरी बनाएं। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, स्टाफ एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### स्टेडियम ग्राउंड में जगराता कार्यक्रम आज

**प्रतापपुर।** मां दुर्गा पूजन समिति द्वारा जगराता कार्यक्रम का मनमोहक प्रस्तुति 25 सितंबर को स्टेडियम ग्राउंड में रात्रि 8.30 बजे से रखी गई है। जगराता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों के अमृत वर्षा होगी। मां वैश्णवी जागरण मंच द्वारा एक से एक भजनों की अमृत वर्षा एवं कई प्रकार की अनुपम झांकियों का मेला होगा। समिति ने व्यापक इंतजाम किया है। प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह द्वारा मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड को यह कार्यक्रम दी गई है।

### नवरात्रि पर कल्चुरी समाज का डांडिया नाईट आज

**अंबिकापुर।** सरगुजा हैहय कल्चुरी समाज द्वारा जायसवाल युवा मंच एवं महिला मंच के संयुक्त तत्वाधान में 25 सितम्बर को शहर के होटल सिटी इन में भव्य कल्चुरी डांडिया नाईट का आयोजन जाएगा। इस गरबा कार्यक्रम में एंकर दिया के साथ जाने-माने डीजे नीतिश द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। इस कार्यक्रम में गरबा नृत्य के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी है जिस हेतु जायसवाल युवा मंच के अध्यक्ष आयुष जायसवाल द्वारा समाज के सभी वर्गों से अपनी सहभागिता प्रदान करने का आह्वान किया है।

### विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सीमा दुबे, व्याख्याता विकास नामदेव, गोपाल सिंह, नरेश गुप्ता, नितिन सिन्हा, विद्या जायसवाल, मंजरी तिवारी, श्रुति साहू, आशा बरवा, शिक्षक प्रकाश जोल्हे, बिहारी लाल साहू, वर्षा सिंह, श्याम सिंह मरावी, विकास देवांगन, आकांक्षा जायसवाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

### सभापति मोनिका सिंह ने वितरित की स्वेच्छानुदान राशि



**रामानुजनगर।** जिला पंचायत सदस्य मोनिका सिंह ने मंगलवार को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। स्वेच्छानुदान से सहायता राशि पाकर जरूरतमंदों ने बड़ी राहत महसूस की। क्षेत्र क्रमांक 15 से जिला पंचायत सदस्य मोनिका सिंह ने रामानुजनगर स्थित विश्रामगृह में अपने क्षेत्र के वृद्ध दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। स्वेच्छानुदान राशि वितरण में जिले भर के जिला पंचायत सदस्यों में बाजी मार ली। कुल 101 जरूरतमंदों को पांच पांच हजार रुपए का चेक वितरण किया गया। मोनिका सिंह ने कहां कि जरूरतमंदों की मदद करना पहली प्राथमिकता है । चेक वितरण कार्यक्रम में बनारसी राजवाड़े,जय प्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, शिवदयाल सिंह, सुनील साहू, राधेश्याम शर्मा, सुखसाय बैगा, गणपत सिंह, सुरेश मरकाम, बंशीलाल शर्मा, हिंगबली पैकरा, अजय सिंह, नारायण विश्वकर्मा, तीरथ राजवाड़े, हीरा लाल राजवाड़े, सुशील सिंह, विजय सिंह, प्रमिला तिवारी, शशांक दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता व हितग्राही उपस्थित थे।

### एक कमरे में भेड़-बकरियों की तरह बैठते हैं पांच कक्षाओं के बच्चे

# एक शिक्षक के भरोसे कुबेरपुर के 121 बच्चों का भविष्य, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण बेअसर



जर्जर स्कूल भवन।



प्रायमरी के सभी बच्चों को एक साथ पढ़ाती शिक्षिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत कुबेरपुर के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 121 बच्चों का भविष्य वर्षों से एकमात्र शिक्षिका गढ़ रही है। ग्रामीणों ने कइर बार स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की लेकिन विभाग पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित करने के बावजूद विभाग द्वारा स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है।

**खास बात**

- जर्जर शाला भवन हुआ खतरनाक, पानी की भी नहीं व्यवस्था

शालाओं की स्थिति में सुधार करने के साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार लगातार नई-नई योजनाएं संचालित कर रही है। हाल ही में स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों में समानता लाने के उद्देश्य से युक्तियुक्तकरण कर बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना की गई। इसके पूर्व राज्य शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत जर्जर शालाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण किया गया। यह जानकर हैरानी होगी कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासन की दोनों ही योजनाएं ग्राम पंचायत कुबेरपुर तक नहीं पहुंची। कुबेरपुर प्राथमिक शाला में 121 बच्चे दर्ज है तथा एकमात्र शिक्षिका ममता लकड़ा एक साथ प्राथमिक शाला के पांच कक्षाओं के बच्चोंं वर्षों से पढ़ा रही हैं। युक्तियुक्तकरण के तहत विभाग ने प्रतापपुर एवं रामानुजनगर के दो शिक्षकों को पदस्थ किया था लेकिन शिक्षक ज्वाइनिंग देने भी नहीं पहुंचे। विभाग दोनों शिक्षकों को निकट के शालाओं में पदस्थ कर कुबेरपुर प्राथमिक शाला का युक्तियुक्तकरण करना भूल गया। एकमात्र शिक्षिका के विभागीय बैठकों में शामिल होने पर स्कूल बंद हो जाता है तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग अनेकों बार की लेकिन कोई पहल नहीं हुई। पंचायत ने भी प्रस्ताव पारित कर बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग की लेकिन हालत नहीं बदली। इस संबंध में कुबेरपुर के सरपंच सूरजलाल सिंह ने बताया कि स्कूल में एकमात्र शिक्षिका पदस्थ होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस संबंध में कई बार बीईओ को अवगत कराया गया लेकिन स्थिति सुधारने की कोई पहल नहीं हो सकी है।

### छत से टपकता है पानी

बरसात के दिनों में स्कूल की छत से पानी टपकता है मरम्मत के अभाव में स्कूल भवन की दीवारें जर्जर हो गई हैं तथा दीवारों में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। खतरे को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष के एक कमरे में शाला का संचालन किया जा रहा है। अतिरिक्त कक्ष में एक साथ कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे कठिन परिस्थितियों में बैठकर पढ़ाई करते हैं। शिक्षिका एक साथ सभी कक्षाओं के बच्चों को पढाती हैं।

### नहीं है पेयजल की व्यवस्था

विद्युत विस्तार के अभाव में बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने क्रेडा द्वारा शाला परिसर में सोलर पंप लगाया गया था जो पिछले दो वर्ष से बंद है। शिक्षिका ने क्रेडा के अधिकारियों से अनेकों बार इसकी शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने पंप सुधारने की पहल नहीं की। स्कूल में पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। मध्यान्ह भोजन के बाद स्कूल के बच्चे अपने थानी की सफाई करने गांव में स्थित हैण्डपंप तक जाते हैं।

### बीईओ से लेता हूं जानकारी

मुझे कुबेरपुर शाला की स्थिति की जानकारी नहीं है। हाल ही में मैंने प्रभार ग्रहण किया है। वर्तमान में संलग्निकरण की व्यवस्था नहीं है। मैं बीईओ से शाला की जानकारी लेता हूं।

-अजय कुमार मिश्रा
डीईओ, सूरजपुर



## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर आत्मचिंतन और समाज जागरण का लेंगे संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है, इस अवसर पर बिश्रामपुर में बुधवार आयोजित एक प्रेस वार्ता में खंड संघचालक कुलवंत सिंह, सूरजपुर जिले के सहकार्यवाह विजय शर्मा और जिला जागरण पत्रिका प्रमुख सुशांत मंडल उपस्थित रहे,प्रेस वार्ता में संघ के सुरजपुर जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि हमारे शताब्दी वर्ष का मकसद उत्सव नहीं,बल्कि राष्ट्र के लिए आत्मचिंतन और समाज की सेवा में खुद को और अधिक समर्पित करना है।

पूरे वर्षभर का कार्यक्रम संघ कार्य के विस्तार,गुणवत्ता और संगठनात्मक सुदृढ़ता पर केंद्रित रहेगा, श्री शर्मा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पथ संचलन के रूप में किया जाएगा,इस दौरान गणवेशधारी स्वयंसेवकों के मंडल और बस्ती स्तर पर विशेष आयोजन होंगे,विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि संघ का उद्देश्य सिर्फ जश्न नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए पुनः समर्पित होना है,उन्होंने प्रेस वार्ता में शताब्दी वर्ष की पूरी रूपरेखा विस्तार से बताते हुए कहा कि 1 नवंबर से दृष्ट संपर्क अभियान चलाया जाएगा,जिसमें हर गांव,हर बस्ती,घर-घर संघ साहित्य और करपत्रक वितरित किए जाएंगे।स्थानीय इकाईयां संपर्क अभियान के जरिए संगठन का दायरा बढ़ाएंगी।1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक हिंदू सम्मेलन किया जाएगा,जिसमें सभी मंडलों व बस्तियों में सम्मेलन होंगे,यहां पर एकता,सद्भाव और पंच परिवर्तन में समाज की साझेदारी का संदेश दिया जाएगा,1 से 31 जनवरी तक युवा सम्मेलन किया जाएगा जिसमें युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण और सेवा गतिविधियों पर केंद्रित कार्यक्रम व युवाओं को पंच परिवर्तन और सामाजिक नेतृत्व की दिशा में प्रेरित किया जाएगा,1 से 28 फरवरी तक सामाजिक सद्भाव बैठकें की जाएंगी,जिसमें सूरजपुर जिले के 10 स्थानों पर बैठकें होंगी,इसमें छुआछूत और अस्पृश्यता के पूर्ण बहिष्कार का संकल्प लिया जाएगा। पूरे मार्च महीने भर जन गोष्ठियां कराई जाएंगी,जिसमें जिला केंद्र पर सज्जन शक्तियों के बीच संवाद,राष्ट्रीय मुद्दों पर सही विमर्श स्थापित करना और भ्रांतियों को दूर करना लक्ष्य रहेगा।उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से हिन्दू समाज को संगठित करने के प्रयासों पर विशेष बल दिया जा रहा है,संघ का केंद्रीय लक्ष्य हिंदू समाज का पुनर्जागरण और संगठन है।उन्होंने कहा कि यह पूरा कार्यक्रम सुरजपुर जिले के 549 ग्रामों, 57 मंडलों, 63 स्थानों पर किए जाएंगे।

## जीएसटी में कमी से जनता को सीधी राहत : लक्ष्मी राजवाड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के विभिन्न दुकानों का भ्रमण कर ग्राहकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर सीएसटी में कमी से आम लोगों को मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ की जानकारी दी और कहा कि यह कदम लोगों की आर्थिक बोझ को कम करने के लिए उठाया गया है।

- कैबिनेट मंत्री ने की दुकानों में ग्राहको से सीधी बातचीत

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर जीएसटी में भारी कमी की है। जीएसटी में कमी से लोगों की रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुएं अब और भी किफायती हो गई हैं। यह पहल गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। ग्राहकों ने भी मंत्री से बातचीत करते हुए अपनी संतुष्टि जाहिर की। एक ग्राहक ने कहा कि अब बाजार में सामान की कीमतें पहले से कम हैं, जिससे परिवार की ज़रूरतें पूरी करने में सहूलियत हो रही है। वहीं छोटे व्यापारियों ने भी बताया कि इससे ग्राहकों का रुझान बढ़ा है और बिक्री में सकारात्मक असर देखी जा रही है। जागरूकता अभियान के तहत दुकानों में विशेष स्टीकर लगाए गए, ताकि आम लोग जीएसटी में कमी से मिलने वाले फायदों से अवगत हो सकें। मंत्री ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि वे भी अपने आस-पास के लोगों को इसके बारे में जानकारी दें, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस दौरान विधायक भुलन सिंह मरावी व अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

### अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को मिल रहा बैंकिंग व अन्य सेवाओं का लाभ

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों को बैंकिंग सहित सभी सीएससी सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें। उक्त बाते जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित करने के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कही। बैठक में जिले के सभी सरपंचों एवं सीएससी द्वारा अधिकृत वीएलई उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा की गई कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, पेंशन व बीमा योजनाएं, आधार व अन्य शासकीय योजनाओं की सेवाएं सीधे पंचायत स्तर पर उपलब्ध होंगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीणों की समय और संसाधन की बचत के साथ-साथ उन्हें डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सरपंचों और वीएलई से कहा कि वे पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाएं। बैठक में विधायक भुलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकर सहितजनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## सिलफिली उद्यानिकी कालेज को आबंटित जमीन की सीमांकन प्रक्रिया पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक, मामला अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिलफिली की स्थापना को लेकर आज बुधवार को प्रस्तावित सीमांकन कार्य पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश प्राप्त होने के बाद रोक लगा दी गई साथ ही मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में मदनपुर में प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर आपसी तालमेल मिलाकर निराकरण करने का प्रयास किया गया।

- मंत्री प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर आपसी सहमति से मामले का निराकरण करने का दिया सुझाव, प्रभावित ग्रामीणों ने जताई नाराजगी


गौरतलब है कि राज्य शासन ने 4 जुलाई 2025 को जारी आदेश में ग्राम पंचायत मदनपुर की 13.89 हेक्टेयर और करवां की 18 हेक्टेयर भूमि उद्यानिकी महाविद्यालय के नाम हस्तांतरित की है,कलेक्टर सूरजपुर ने उक्त भूमि का सीमांकन कर भौतिक अधिपत्य सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है,इसी तारतम्य में बुधवार को ग्राम पंचायत मदनपुर में जिस भूमि का चिन्हांकन उद्यानिकी महाविद्यालय निर्माण कार्य हेतु किया गया है, उसका सीमांकन कार्य पूर्ण किए जाने की पहल लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा द्वारा की गई थी, यहां पर लटोरी तहसीलदार द्वारा करीब 34 लोगों को सप्ताह भर पूर्व ही नोटिस भी जारी किया गया था, बुधवार को प्रभावित लोगों के विरोध व छह लोगों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर रिट याचिका पर जारी हुए स्थगन आदेश की वजह से फिलहाल सीमांकन प्रक्रिया पर पूर्णतः रोक लग गई है,ग्रामीणों ने बताया कि मामले में लोगों की नाराजगी के मद्देनजर मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी बातों को सुना,साथ ही आश्वासन दिया कि घरों व आंगन को छोड़कर अन्य रिक्त पड़े शासकीय भूमि का अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी,ग्रामीणों द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए किसी भी समझाईश को मानने से इंकार कर दिया गया है,ऐसी स्थिति में अब सिलफिली उद्यानिकी महाविद्यालय के भूमि सीमांकन प्रक्रिया फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है,लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने बताया कि कुछ प्रभावित लोगों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर से स्थगन आदेश जारी कराए जाने की वजह से बुधवार को सीमांकन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है।



### दिशा समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत कार्यालय सरगुजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 25 सितम्बर को जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। आगामी बैठक की सूचना पृथक से दी जायेगी।




### एमएसएमई उद्यमियों के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर कार्यशाला आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तीय साधनों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 25 सितम्बर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, अम्बिकापुर द्वारा होटल ग्रैण्ड राधेश्याम न्यू बस स्टैंड में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में एनएसई स्टॉक एक्सचेंज में सूचीकरण की प्रक्रिया, आवश्यकताएं एवं लाभ, टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिल डिस्काउंटिंग की प्रक्रिया, तथा एमएसएमई के लिए उपलब्ध अन्य वैकल्पिक वित्तीय साधनों के बारे में विशेषज्ञ विस्तार से जानकारी देंगे। आयोजन में विशेष रूप से एमएसएमई उद्यमी, महिला उद्यमी, (सीएस एवं सीए लाभान्वित होंगे।







